Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 25-08-2006

Participants : Rawat Prof. Rasa Singh

an>

Title : Need to provide facilities to the tourists at Pushkar in Rajasthan.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : राजस्थान के अजमेर जिले में पुकर अत्यंत प्राचीन महत्वपूर्ण ऐतिहासिक धर्मस्थल हे। इसे तीर्थ गुरू भी कहा गया है। विश्व का एकमात्र ब्रह्मा जी का मंदिर भी यहीं है। पौराणिक कथाओं के अनुसार सृटि का केन्द्र पुकर ही है। यहीं पर जगतपिता ब्रहमा ने सृटि रचने हेतु यज्ञ का आयोजन किया था। तीर्थ राजपुकर मंदिरों की नगरी है तथा सर्व सम्प्रदाओं की श्रद्धा एवं आस्था का केन्द्र है। देश विदेश के पर्यटक भी साल भर तथा विशोतः मेले के दौरान बहुत बड़ी संख्या में आते हैं। परन्तु, खेद है कि पुकर की प्रसिद्धि का आधार पुकर सरोवर, जिसमें लाखों लोग स्नान कर पुण्यार्जन करते हैं, विगत सालों से भयंकर प्रदूाण का शिकार है। किनारे पर बने हुए होटलों से गंदा पानी आने, पहाड़ों की रेता, मिटटी बहकर आने से जहां पानी मैला और गंदा हो गया है वहीं गाद और मिटटी से भर जाने के कारण जल भराव क्षमता बहुत कम रह गयी है। पानी आने के रास्तों पर अतिक्रमण हो जाने, अवरोध पैदा होने से बहुत कम पानी की आवक रहती है जिससे र्वाभर यात्रियों को बहुत परेशानी रहती है।

अतः भारत सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग से प्रार्थना है कि इस तीर्थगुरू पुकर की गरिमा अक्षुण रखने, तीर्थ का गौरव बनाये रखने तथा लाखों यात्रियों की सुविधार्थ इसमें समुचित जल की मात्रा बनाये रखने हेतु पानी बहकर आने के मार्गो पर अतिक्रमण हटवाये जायें, फीडर का निर्माण कराया जाये तथा पुकर सरोवर की गाद, मिटटी, रेत निकालकर इसकी सफाई कर वाकर प्रदूाण मुक्त किया जाये।